रजिस्ट्री सं. डी.—(डी एन)—73

REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 13] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 26, 1983 (चैत्र 5, 1905)

No. 13] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 26, 1983 (CHAITRA 5, 1905)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	317
भाग I—खंड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	403
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	361
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खंड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खंड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	763
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	1623
भाग II—खंड 3—उप-खंड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	135
भाग III—खंड I—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	5847
भाग III—खंड 2—पैटेण्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	189
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	39
भाग III—खंड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	2131
भाग IV—गैर सरकारी व्यक्ति और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	53
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़े को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	317
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	403
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	361
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	763
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	1623
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..	135
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	5847
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	189
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	39
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2131
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	53
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi ..	*

*Folio Nos. not received.

भाग I—खण्ड 1
PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 मार्च 1983

सं. 22-प्रेज/83—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री भगवत सिंह,
कांस्टेबल संख्या 349,
सी. पी. आफ पी. एस. कुठौंद
जिला जालौन,
उत्तर प्रदेश।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

26 मार्च, 1981 को थाना अधिकारी को गांव उकरौ और निब्बाना के निकट डाकू विजय सिंह के गिरोह की उपस्थिति के संबंध में सूचना मिली। गिरोह को पकड़ने के उनके प्रयास विफल हो गए। किन्तु जब वे थाने में लौट आए तो उन्हें गांव सेम में डाकू लाला राम श्रीराम के एक अन्य गिरोह की उपस्थिति के संबंध में सूचना मिली। डाकू विजय सिंह के गिरोह को पकड़ने से पहले प्रयास में असफलता को ध्यान में रखते हुए थाना अधिकारी सादा कपड़ों में डाकू लाला राम श्रीराम को पकड़ने के लिए रवाना हुए। पुलिस दल में अन्य व्यक्तियों के साथ कांस्टेबल श्री भगवत सिंह भी थे। गांव में पहुंचने पर जब पुलिस डाकुओं की उपस्थिति के संबंध में प्राप्त सूचना की जांच कर रही थी तो पास के किसी मकान में छिपे हुए डाकुओं ने पुलिस पर गोली चला दी, जिसके परिणामस्वरूप थाना अधिकारी, एक पुलिस उप-निरीक्षक, श्री भगवत सिंह समेत दो पुलिस कांस्टेबलों को गंभीर चोटें आईं। श्री भगवत सिंह, कांस्टेबल और श्री भूरे लाल, पुलिस उप-निरीक्षक, के अतिरिक्त सभी पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर ही मारे गए। यद्यपि श्री भगवत सिंह गंभीर रूप से घायल थे फिर भी वे बरसती हुई गोलियों के बीच रेंगकर पुलिस उप-निरीक्षक के पास गए और उनको अपनी पीठ पर उठा कर सुरक्षित स्थान पर ले आए तथा पुलिस उप-निरीक्षक के घावों पर पट्टी बांधने के लिए अपनी कमीज और पैंट को फाड़ कर उनकी प्राथमिक चिकित्सा की। दुर्भाग्यवश पुलिस उप-निरीक्षक नहीं बच सके और उनकी मृत्यु हो गई। अवसर का लाभ उठाते हुए डाकू बच कर भाग गए।

डाकुओं के साथ मुठभेड़ में श्री भगवत सिंह ने साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उन्होंने अपने साथी को चिकित्सा सहायता दी।

2. यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 26 मार्च, 1981 से दिया जाएगा।

सं० 23-प्रेज/83—राष्ट्रपति मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री बसंत लाल तारन,
पुलिस अधीक्षक,
जिला मुरैना,
मध्य प्रदेश ।

श्री हरपाल सिंह तोमर,
पुलिस उप निरीक्षक,
जिला मुरैना,
मध्य प्रदेश ।

श्री धूपा राम,
हैड कांस्टेबल सं० 78,
जिला मुरैना,
मध्य प्रदेश ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

2 नवम्बर, 1979 को श्री हरपाल सिंह तोमर, पुलिस उप-निरीक्षक, जिला मुरैना, को सूचना मिली कि चंदन चमार का छः डाकुओं का गिरोह जारा पुलिस थाने के क्षेत्राधिकार में सकतपुर और मुंडरावौजा गांवों के बीच गन्ने के खेतों में उपस्थित था। उन्होंने डाकुओं के गिरोह की उपस्थिति के बारे में श्री बसंत लाल तारन, पुलिस अधीक्षक, जिला मुरैना, को सूचित किया। कार्यवाही के लिए एक योजना तैयार की गई। उपलब्ध पुलिस बल को चार दलों में बांट दिया गया। उनमें से तीन दलों को उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी दिशाओं से खेत को घेरने और बचकर भागने के सभी मार्गों को रोकने के लिए कहा गया। श्री तारन को घात लगाने वाले दल का नेतृत्व करना था। सभी पुलिस दल अपने-अपने मोर्चों पर पहुंच गए। उत्तरी और पश्चिमी पूर्वी दिशाओं से तीनों दलों ने गन्ने के खेत की ओर बढ़ना आरम्भ कर दिया। चूंकि गन्ने के खेत से लगा एक नाला था जिसमें से डाकुओं के बच निकलने की संभावना हो सकती थी, इसलिए घात लगाने वाले दल ने नहर की दूसरी ओर मोर्चा लगाया। श्री हरपाल सिंह तोमर और श्री धूपा राम हैड कांस्टेबल सं० 78 के साथ श्री तारन रेंगते हुए।

एक पुलिया की ओर बढ़े और उन्होंने नहर को पार करके पुलिया की दूसरी ओर मोर्चा संभाल लिया। जब मंडल निरीक्षक जागीरा के नेतृत्व में पुलिस दल गन्ने के खेत के निकट पहुंचा तो डाकुओं को पुलिस के उनकी ओर बढ़ते हुए आने का पता लग गया और डाकुओं ने पुलिस पर गोली चला दी तथा नाले की ओर भागना आरम्भ कर दिया जहां श्री तारन, श्री हरपाल सिंह तोमर और श्री धूपा राम घात लगाए हुए थे। उन्होंने डाकुओं को आत्म-समर्पण करने की चेतावनी दी लेकिन डाकुओं ने पुलिस पर भारी गोली-बारी आरम्भ कर दी। पुलिस ने भी डाकुओं पर भारी गोली-बारी की जिसके परिणामस्वरूप एक डाकू गिर गया। श्री तारन के नेतृत्व वाला दल मुठभेड़ में सबसे अग्रणी था। इसी बीच सभी पुलिस दलों द्वारा सभी दिशाओं से और मुंडरावोजा के ग्रामीण द्वारा भी गोली-बारी आरम्भ कर दी गई। विभिन्न दिशाओं से आने वाली गोलियां घात लगाने वाले पुलिस दल के सिर के ऊपर से गुजर रही थीं। तब श्री तारन ने नेतृत्व वाला दल रेंग कर गहरी नहर को पार कर वापस हो गया अपने मूल मोर्चे की ओर वापस चला गया। मुठभेड़ में चार डाकू मारे गए। काफी संख्या में शस्त्र और गोलाबारूद पकड़ा गया।

डाकुओं के साथ मुठभेड़ में बसंत लाल तारन, श्री हरपाल सिंह तोमर तथा श्री धूपाराम ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 नवम्बर, 1979 से दिया जाएगा।

सु० नीलकण्ठन,
राष्ट्रपति का उप सचिव

योजना मंत्रालय

सांख्यिकी विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 25 फरवरी 1983

शुद्धिपत्र

सं० एम० 13016/8/82-समन्वय—इस मंत्रालय के दिनांक 23-12-82 की अधिसूचना सं० एम०-13016/8/82-समन्वय जो भारत के राजपत्र भाग I खण्ड 1 (भारत सरकार) के उप पैराग्राफ 4 में आंशिक संशोधन करके उसके स्थान पर निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाए :—

4. "कार्यकारी दल" अपनी रिपोर्ट दिसम्बर 1982 के अंत तक प्रस्तुत करेगा।

मुकुल राय, अवर सचिव

योजना आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 2 फरवरी 1983

सं० ओ०-15011/1/82-एस० ई० आर०—योजना आयोग के दिनांक 6 अगस्त 1982 के संकल्प सं० ओ०-15011/1/80-एस० ई० आर० के पैरा 1 के संदर्भ में।

2. "समिति के गठन" में क्रम सं० 2 के बाद निम्नलिखित जोड़ा जाए।

3. "डा० ए० एम० खुसरो, सदस्य, योजना आयोग"

3. शेष प्रविष्टियों को पुनः "18" संख्यांक दिया जाए।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस अधिसूचना की प्रति सभी संबंधितों को भेजी जाए और आम जानकारी के लिए इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

के० सी० अग्रवाल
निदेशक (प्रशासन)

कृषि मंत्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 28 फरवरी 1983

संकल्प

सं० 26-1/80-फ० प्र० 2—भारत सरकार ने अपने संकल्प सं० 16-2/76-फ० प्र० 2 दिनांक 12 अक्तूबर, 1977 द्वारा गठित भारतीय तिलहन विकास परिषद् को तत्काल से पुनर्गठित करने का निर्णय किया है। पुनर्गठित परिषद् निम्न प्रकार से गठित होगी :—

1. अध्यक्ष :	एक गैर-सरकारी व्यक्ति, जिसे भारत सरकार नामजद करेगी।
2. उपाध्यक्ष :	कृषि आयुक्त कृषि मंत्रालय कृषि और सहकारिता विभाग
3. सदस्य :	
(क) संसद सदस्य :	पांच संसद सदस्य (चार सदस्य लोक सभा और एक राज्य सभा से) जिन्हें संसद् कार्य विभाग नामजद करेगा।

(ख) राज्य सरकारों के प्रतिनिधि :

निम्नलिखित राज्य सरकारों के कृषि विभागों का एक-एक प्रतिनिधि जिसे संबंधित राज्य सरकार द्वारा नामजद किया जाएगा :—

(1) आंध्र प्रदेश
(2) बिहार
(3) गुजरात
(4) हरियाणा
(5) कर्नाटक
(6) मध्य प्रदेश
(7) महाराष्ट्र
(8) पंजाब
(9) तमिलनाडु
(10) उत्तर प्रदेश
(11) राजस्थान
(12) उड़ीसा
(13) पश्चिमी बंगाल

(ग) केन्द्रीय सरकार के प्रतिनिधि :—

(1) वाणिज्य मंत्रालय का एक प्रतिनिधि
(2) योजना आयोग का एक प्रतिनिधि
(3) नागरिक आपूर्ति मंत्रालय का एक प्रतिनिधि
(4) निदेशक, वनस्पति निदेशालय, वनस्पति तेल और चिकनाई, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली।
(5) विस्तार आयुक्त, भारत सरकार, कृषि और सहकारिता विभाग
(6) महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् अथवा उनका नामित व्यक्ति।
(7) परियोजना निदेशक (तिलहन) तिलहन अनुसंधान निदेशालय, राजेन्द्र नगर, हैदराबाद -500 030 (आंध्र प्रदेश)
(8) परियोजना समन्वयक (सोयाबीन) अखिल भारतीय सोयाबीन समन्वित अनुसंधान परियोजना, गोविन्द वल्लभ पन्त कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पन्तनगर, जिला नैनीताल, उत्तर प्रदेश।
(9) अपर आयुक्त (तिलहन विकास), कृषि और सहकारिता विभाग

(घ) उत्पादकों के प्रतिनिधि :

(क) निम्नलिखित तिलहन उत्पादक राज्यों से तिलहन उत्पादकों का एक-एक प्रतिनिधि, जिसे संबंधित राज्य सरकार नामजद करेगी।

(1) आंध्र प्रदेश

(2) बिहार

(3) हरियाणा

(4) गुजरात

(5) कर्नाटक

(6) मध्य प्रदेश

(7) महाराष्ट्र

(8) पंजाब

(9) तमिलनाडु

(10) उत्तर प्रदेश

(11) राजस्थान

(12) पश्चिम बंगाल

(13) उड़ीसा

(ख) तिलहन उत्पादकों का एक प्रतिनिधि, जिसे भारत सरकार नामजद करेगी।

(ङ) उद्योग के प्रतिनिधि :—

निम्नलिखित का एक-एक प्रतिनिधि :—

(1) वनस्पति विनिर्माता संघ, बंबई।

(2) खादी तथा ग्राम उद्योग आयोग, बंबई।

(3) इंडियन आयल मिलर्ज एसोसियेशन, नई दिल्ली।

(च) व्यापार के प्रतिनिधि

व्यापार के दो प्रतिनिधि, जिन्हें भारतीय वाणिज्य तथा उद्योग मंडलों के संघ द्वारा नामजद किया जाएगा।

(छ) कामगरों के प्रतिनिधि :

(क) फार्मों में काम करने वाले—एक

(ख) कारखानों में काम करने वाले—एक

(ज) ऐसे अतिरिक्त व्यक्ति, जिन्हें भारत सरकार समय-समय पर नामजद करे।

4. सदस्य सचिव :—निदेशक
तिलहन विकास निदेशालय,
तिलहन भवन, हिमायत नगर हैदराबाद।

5. प्रेक्षक :—(जो परिषद के सदस्य नहीं होंगे, परन्तु परिषद् के विचार-विमर्श में सहायता देने के लिये उन्हें निरन्तर रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

1. कृषि विपणन सलाहकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय अथवा उनके प्रतिनिधि।

2. वित्तीय सलाहकार, कृषि मंत्रालय, कृषि और सहकारिता विभाग।

3. अर्थ तथा सांख्यिकी सलाहकार, कृषि मंत्रालय अथवा उनका प्रतिनिधि :

4. भारत सरकार के वनस्पति रक्षण सलाहकार कृषि और सहकारिता विभाग।

5. राष्ट्रीय बीज निगम बीज भवन, नई दिल्ली का एक प्रतिनिधि।

6. राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, नई दिल्ली का एक प्रतिनिधि।

7. भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लि० नई दिल्ली का एक प्रतिनिधि :

8. अध्यक्ष कृषि मूल्य आयोग, नई दिल्ली का एक प्रतिनिधि अथवा उनका नामित व्यक्ति।

2. कार्य :—

परिषद् एक सलाहकार निकाय के रूप में निम्नलिखित कार्य करेगी :—

(1) नारियल को छोड़कर सोयाबीन तथा वृक्ष मूलक तिलहनों समेत, तिलहनों के संबंध में केन्द्रीय तथा राज्य क्षेत्र में विकास कार्यक्रमों पर विचार करना, समय-समय पर उनकी प्रगति की संवीक्षा करना और तिलहनों का उत्पादन बढ़ाने के लिये उपाय सुझाना।

(2) तिलहनों के उत्पादन और विपणन तथा तिलहन उत्पादकों को लाभप्रद मूल्य दिलाने से संबंधित समस्याओं पर विचार करना और इन मामलों में सरकार को सलाह देना।

(3) देशी तथा निर्यात मंडलों में तिलहनों की विभिन्न किस्मों की मांगों पर विचार करना तथा तिलहन उत्पादन कार्यक्रमों में आवश्यक समायोजनों के बारे में सरकार को सलाह देना।

(4) तिलहन उत्पादन के संबंध में छोटे तथा सीमांत किसानों की विशेष आवश्यकताओं पर विचार करना और उन्हें पूरा करने के लिये उपयुक्त उपाय सुझाना।

(5) तिलहनों के संबंध में अनुसंधान तथा विकास कार्यक्रमों के बीच समन्वय को सुविधाजनक बनाना तथा तिलहनों की क्वालिटी और उत्पादकता में सुधार लाने की आवश्यकताओं के बारे में सलाह देना।

(6) ऐसे अन्य संबंधित मामलों पर सरकार को सलाह देना, जो समय-समय पर आवश्यक समझे जायें।

3. परिषद् को विशिष्ट मुद्दों पर कार्रवाई करने के लिये स्थाई समितियां तकनीकी समितियां तथा तदर्थ समितियां स्थापित करने और विशेष प्रयोजनों के लिये आवश्यकतानुसार कृषि विश्वविद्यालयों एवं अन्य विशेष क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को सहयोजित करने के अधिकार होंगे।

4. तिलहन उगाने वाले क्षेत्रों तथा तिलहनों के व्यापार एवं उद्योग के महत्वपूर्ण केन्द्रों पर परिषद् की समय-समय पर बैठकें होंगी और वह भारत सरकार को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी।

5. परिषद् तब तक काम करेगी, जब तक सरकार एक संकल्प द्वारा इसे भंग न कर दे।

6. परिषद् में नामित संसद सदस्यों की संसद सदस्यता समाप्त होते ही उनकी परिषद की सदस्यता भी समाप्त हो जाएगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासकों, भारत सरकार के मंत्रालयों, योजना आयोग, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधानमंत्री के सचिवालय, लोक सभा सचिवालय तथा राज्य सभा सचिवालय को भेज दी जाए।

2. यह भी आदेश दिया जाता है कि सार्वजनिक जानकारी के लिये इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए।

के० सी० एस० आचार्य, अपर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 9 फरवरी 1983

संकल्प

सं० 1-3/82-वानिकी (समन्वय)—प्रति वर्ष 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस मनाया जाता है। 26 मार्च 1980 को जारी किये गये संकल्प संख्या 4-1/80-एफ० आर० वाई० (एफ० डी०) के अनुसार एक विश्व वानिकी दिवस समिति गठित की गई थी। समिति का कार्यकाल 2 वर्ष अर्थात् 25 मार्च 1982 तक निश्चित किया गया था। अब यह निर्णय लिया गया है कि समिति का कार्यकाल अगले दो वर्षों अर्थात् 25 मार्च, 1984 तक बढ़ा दिया जाए।

आदेश

आदेश दिया जाता है इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी संबंधितों को भेज दी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि आम जानकारी के लिये इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

समर सिंह, संयुक्त सचिव

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 मार्च, 1983

सं० 3/49/80-ई० आई० एण्ड ई० पी०:—शत्रु सम्पत्ति अधिनियम, 1968 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत के शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक के कार्यालय, बम्बई में अधीक्षक श्री ए० मुथिया को 1 फरवरी, 1983 (पूर्वाह्न) से आगामी आदेश होने तक भारत के शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक के कार्यालय, बम्बई में शत्रु सम्पत्ति सहायक अभिरक्षक (एक पद जो केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में 650-30-740-35-810 द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200 रु० के वेतनमान में सम्मिलित है के पद पर नियुक्त किया गया है।

जोगिन्दर सिंह, निदेशक

खाद्य तथा नागरिक पूर्ति मंत्रालय

(नागरिक पूर्ति विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 12 मार्च, 1983

संकल्प

विषय: भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान, रांची के लिये सलाहकार समिति का गठन।

सं० डब्ल्यू० एम० 9(11)/80—भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान नियम, 1980 के नियम 8 के अनुसरण में तथा नागरिक पूर्ति मंत्रालय के 26 दिसम्बर, 1980 के इसी संख्या के संकल्प का अधिक्रमण करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा सलाहकार समिति का गठन करती है, जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति होंगे:—

अध्यक्ष

1. सचिव
   भारत सरकार
   नागरिक पूर्ति विभाग
   नई दिल्ली

सदस्य

2. महाप्रबन्धक
   भारत सरकार टकसाल
   बम्बई
3. प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी
   विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग
   नई दिल्ली
4. सचिव
   भारत सरकार
   विधि, न्याय तथा कम्पनी कार्य मंत्रालय
   (विधायी विभाग)
   नई दिल्ली
5. निदेशक
   राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला
   नई दिल्ली
6. सचिव
   असम सरकार
   कृषि विभाग
   दिसपुर
7. सचिव
   गुजरात सरकार
   खाद्य तथा नागरिक पूर्ति विभाग
   अहमदाबाद
8. सचिव
   हरियाणा सरकार
   उद्योग विभाग
   चण्डीगढ़
9. बाट तथा माप नियंत्रक
   आन्ध्र प्रदेश सरकार
   हैदराबाद
10. प्रशिक्षार्थी प्रतिनिधि
    भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान
    रांची
11. महानिदेशक
    भारतीय मानक संस्था
    नई दिल्ली
12. श्री के० एस० लक्ष्मीनारायण
    एवरी इण्डिया लिमिटेड
    नई दिल्ली
13. प्रधान
    विज्ञान तथा गणित शिक्षा विभाग
    राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान तथा प्रशिक्षण परिषद
    नई दिल्ली
14. प्रधान
    वर्कशाप विभाग
    राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान व प्रशिक्षण परिषद
    नई दिल्ली
15. वित्तीय सलाहकार
    नागरिक पूर्ति विभाग
    नई दिल्ली
16. सलाहकार (एस० टी० क्यू० सी०)
    इलैक्ट्रोनिक्स विभाग
    भारत सरकार

पदेन सदस्य

17. निदेशक
    विधिक माप विज्ञान
    नागरिक पूर्ति विभाग
    नई दिल्ली

पदेन संयोजक

18. प्रधानाचार्य
    भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान
    रांची

श्री विलास मणि त्रिपाठी
संयुक्त सचिव

शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 23 फरवरी 1983

संकल्प

विषय :—शिक्षण के माध्यम को बदलने तथा विश्वविद्यालय स्तर पर हिन्दी तथा क्षेत्रीय भाषाओं की पुस्तकों के उत्पादन में हुई प्रगति की समीक्षा के लिये राज्य पुस्तक उत्पादन बोर्डों/हिन्दी ग्रंथ अकादमियों द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार समिति की स्थापना।

सं० 18-13/83-डैस्क-III(भाषा)—21-5-1982 को हुई राज्य पुस्तक उत्पादन बोर्डों/हिन्दी ग्रंथ अकादमियों के निदेशकों की बैठक में की गई सिफारिशों के अनुसार इस मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही "भारतीय भाषाओं में विश्वविद्यालय स्तर पर पुस्तकों के उत्पादन के लिये सहायता की योजना" के अंतर्गत विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षण के माध्यम को बदलने तथा हिन्दी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में पुस्तकों के उत्पादन के लिये सरकार को सलाह देने के लिये एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया है।

2. कार्य : अंग्रेजी हिन्दी के माध्यम को बदलने तथा विश्वविद्यालय स्तर पर (पोलिटेक्नीक स्तर शिक्षा तथा जमा दो स्तर सहित) क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षण के माध्यम पर सरकार को सलाह देना।

3. गठन : समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

(i) शिक्षा सचिव

(ii) अपर सचिव, शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय

(iii) हिन्दी भाषी राज्यों के विश्वविद्यालय से दो कुलपति

(iv) अ-हिन्दी भाषी राज्यों के विश्वविद्यालयों से दो कुलपति

(v) राज्य पुस्तक उत्पादन बोर्डों के दो निदेशक हिन्दी तथा अ-हिन्दी भाषी राज्यों से एक-एक

(vi) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दो प्रतिनिधि जिसमें से एक वि० अ० आयोग का सचिव होगा।

(vii) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का एक प्रतिनिधि

(viii) हरियाणा, बंगलौर, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा हिमाचल प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का एक-एक प्रतिनिधि ।

(ix) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् का एक प्रतिनिधि

(x) शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय में भाषा विभाग से संबंधित संयुक्त शिक्षा सलाहकार/संयुक्त सचिव

(xi) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली के अध्यक्ष अथवा उनको/उनका नामित व्यक्ति।

(xii) सचिव, भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली।

(xiii) शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय में निदेशक/उप सचिव उप-शिक्षा सलाहकार (भाषा)—सदस्य-सचिव

4. कार्यकाल : उपरोक्त 3(iii) से 3(viii) में उल्लिखित समिति के सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष होगा। त्याग पत्र, मृत्यु आदि के कारण हुई कोई भी रिक्ति की दशा में नामित प्रतिनिधि तीन वर्ष के बाकी बचे समय के लिये समिति के सदस्य के रूप में कार्य करेगा। पदेन प्रतिनिधि तब तक समिति के सदस्य रहेंगे जब तक वे अपने सरकारी पद पर हैं।

5. बैठकें : समिति की बैठक 6 महीनों में एक बार होगी अथवा जब भी अध्यक्ष निर्णय लेता है और इस बैठक में विभिन्न बोर्डों/अकादमियों से प्राप्त विश्वविद्यालयों में शिक्षा के माध्यम को बदलने तथा अपेक्षित पुस्तकों की उपलब्धता की प्रगति की समीक्षा की जाएगी ।

6. यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता पर व्यय : समिति की बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों का यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता का व्यय उस सदस्य के संबंधित विश्वविद्यालय/बोर्ड/अकादमी/संगठन की निधि में से उन दरों पर किया जाएगा जो उनको लागू है।

7. उप-समिति आदि : समिति के अध्यक्ष को कार्य दल/उप-समिति के गठन करने का अधिकार होगा तथा वह निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय तथा निदेशक (वित्त) तथा समिति से संबंधित किसी अन्य विशेषज्ञ को जैसा भी आवश्यक समझा जाए, शामिल कर सकता है ।

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रतियां समिति के सभी सदस्यों, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, निदेशक, अखिल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारत के संबंधित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, सचिव, भारतीय विश्वविद्यालय संघ, संबंधित कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति, राज्य शिक्षा विभाग तथा राज्य पुस्तक उत्पादन बोर्ड/हिन्दी ग्रंथ अकादमियों को जो विश्वविद्यालय स्तर पर भारतीय भाषाओं में पुस्तकों के उत्पादन की योजना में भाग ले रही हैं, प्रधान मंत्री कार्यालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना राष्ट्रपति सचिवालय, भारत सरकार के मंत्रालय तथा विभाग को भेजी जाएं।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प, भारत के राजपत्र में सूचनार्थ प्रकाशित किया जाए।

के० के० खुल्लर, उप-सचिव

सिंचाई मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 10 मार्च 1983

संकल्प

सं० 6/1/79-पी० पी०—जल, जो जीवन-निर्वाह एवं आर्थिक विकास के लिए अत्यावश्यक है, देश में अत्यधिक दुर्लभ संसाधन बनता जा रहा है। जल संसाधनों के विकास का आयोजन एवं क्रियान्वयन अब तक, कुल मिलाकर पृथक-पृथक राज्यों द्वारा किया जाता रहा है। चूंकि हमारे देश में बड़ी नदियां अन्तर्राज्यिक प्रकृति की हैं, इसलिए पृथक-पृथक राज्यों द्वारा इन नदियों के संबंध में व्यापक (मास्टर) योजना तैयार करना संभव नहीं हो सका है। यह महसूस किया गया है कि जल संसाधनों के उपयोग के लिए राष्ट्रीय स्तर पर योजना तैयार की जानी चाहिए ताकि उपलब्ध जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जा सके और उनसे इष्टतम लाभ प्राप्त किए जा सकें।

2. सिंचाई आयोग, राष्ट्रीय कृषि आयोग और राष्ट्रीय बाढ़ आयोग सहित, विभिन्न प्राधिकरणों द्वारा हाल के वर्षों में सर्वोत्तम राष्ट्रीय हितों के अनुरूप जल संसाधनों के विकास एवं उपयोग के लिए ऐसी राष्ट्रीय नीतियों को तैयार करने हेतु एक शीर्ष निकाय की स्थापना करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। राष्ट्रीय विकास परिषद् ने भी 1 मार्च, 1982 को हुई अपनी बैठक में इस मामले पर विचार-विमर्श किया था और परिषद् ने यह टिप्पणी की थी कि ऐसे वातावरण का निर्माण किया जाना चाहिए, जिसमें राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य तथा उसके साथ ही राज्य की तथा क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय जल योजना तैयार की जाएं। इस सन्दर्भ में, परिषद् ने राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद् तथा नदी बेसिन आयोगों को स्थापित करने के लिए, भारत सरकार के प्रस्ताव का स्वागत किया था।

3. तदनुसार, भारत सरकार ने राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद् स्थापित करने का निर्णय किया है, जिसका गठन निम्न प्रकार है :—

1. प्रधान मंत्री	अध्यक्ष
2. केन्द्रीय सिंचाई मंत्री	उपाध्यक्ष
3. केन्द्रीय वित्त मंत्री	सदस्य
4. केन्द्रीय कृषि मंत्री	सदस्य

5. केन्द्रीय योजना मंत्री — सदस्य
6. केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री — सदस्य
7. केन्द्रीय नौवहन तथा परिवहन मंत्री — सदस्य
8. केन्द्रीय निर्माण एवं आवास मंत्री — सदस्य
9. पर्यटन एवं नागर विमानन मंत्रालय के (स्वतंत्र रूप से प्रभारी) केन्द्रीय राज्य मंत्री — सदस्य
10. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के केन्द्रीय राज्य मंत्री — सदस्य
11. मुख्य मंत्री, आन्ध्र प्रदेश — सदस्य
12. मुख्य मंत्री, असम — सदस्य
13. मुख्य मंत्री, बिहार — सदस्य
14. मुख्य मंत्री, गुजरात — सदस्य
15. मुख्य मंत्री, हरियाणा — सदस्य
16. मुख्य मंत्री, हिमाचल प्रदेश — सदस्य
17. मुख्य मंत्री, कर्णाटक — सदस्य
18. मुख्य मंत्री, जम्मू और कश्मीर — सदस्य
19. मुख्य मंत्री, केरल — सदस्य
20. मुख्य मंत्री, मध्य प्रदेश — सदस्य
21. मुख्य मंत्री, महाराष्ट्र — सदस्य
22. मुख्य मंत्री, मणिपुर — सदस्य
23. मुख्य मंत्री, मेघालय — सदस्य
24. मुख्य मंत्री, नागालैंड — सदस्य
25. मुख्य मंत्री, उड़ीसा — सदस्य
26. मुख्य मंत्री, पंजाब — सदस्य
27. मुख्य मंत्री, राजस्थान — सदस्य
28. मुख्य मंत्री, तमिलनाडु — सदस्य
29. मुख्य मंत्री, सिक्किम — सदस्य
30. मुख्य मंत्री, त्रिपुरा — सदस्य
31. मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश — सदस्य
32. मुख्य मंत्री, पश्चिम बंगाल — सदस्य
33. मुख्य आयुक्त, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह — सदस्य
34. मुख्य मंत्री, अरुणाचल प्रदेश — सदस्य
35. मुख्य आयुक्त, चण्डीगढ़ — सदस्य
36. प्रशासक, दादरा तथा नागर हवेली — सदस्य
37. उपराज्यपाल, दिल्ली — सदस्य
38. मुख्य मंत्री, गोवा, दमन एवं दीव — सदस्य
39. प्रशासक, लक्षद्वीप — सदस्य
40. मुख्य मंत्री, मिजोरम — सदस्य
41. मुख्य मंत्री, पाण्डिचेरी — सदस्य

4. राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद के कार्य निम्नलिखित होंगे :—

(क) राष्ट्रीय जल नीति निर्धारित करना और समय-समय पर उसकी समीक्षा करना।

(ख) राष्ट्रीय जल विकास एजेन्सी, नदी बेसिन आयोगों आदि द्वारा उसे प्रस्तुत की गई जल विकास योजनाओं (वैकल्पिक योजनाओं सहित) पर विचार करना और उनकी समीक्षा करना।

(ग) जल योजनाओं को ऐसे संशोधनों के साथ, जो उपयुक्त एवं आवश्यक समझे जाएं, स्वीकृति हेतु सिफारिश करना।

(घ) ऐसे और आगे अध्ययन किए जाने हेतु निदेश देना, जो योजनाओं अथवा उनके संघटकों पर पूरी तरह विचार करने के लिए आवश्यक हों।

(ङ) जल योजनाओं के विशिष्ट तत्वों तथा अन्य ऐसे मामलों, जो परियोजनाओं के आयोजन अथवा कार्यान्वयन के दौरान उत्पन्न हों, के संबंध में अन्तर्राज्यिक मतभेदों के समाधान करने की युक्तियों के बारे में परामर्श देना।

(च) इष्टतम विकास एवं जनता के लिए अधिकतम लाभों को ध्यान में रखते हुए, विभिन्न लाभभोगियों द्वारा जल संसाधनों के उचित वितरण तथा उपयोग के लिए प्रयोगों, कार्यप्रणालियों, प्रशासनिक प्रबन्धों एवं विनियमनों के बारे में परामर्श देना।

(छ) ऐसी सिफारिशें करना जिनसे विभिन्न क्षेत्रों में जल संसाधनों के शीघ्रतापूर्वक और पर्यावरणीय दृष्टि से ठोस तथा किफायती विकास को प्रोत्साहन मिले।

5. परिषद् की प्रायः जब भी आवश्यक हो और हर हालत में, वर्ष में कम से कम एक बार बैठक होगी।

6. परिषद अपनी कार्य-नियमावली एवं प्रक्रिया तैयार करेगी।

7. सिंचाई मंत्रालय ऐसी प्रशासनिक अथवा अन्य सहायता, जो भी अपेक्षित हो, उपलब्ध कराएगा।

8. राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद्, भारत के राजपत्र में इस संकल्प के प्रकाशन की तारीख से संघटित मानी जाएगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों, राष्ट्रपति के निजी और सैनिक-सचिवों, प्रधानमंत्री के कार्यालय, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, योजना आयोग और केन्द्रीय सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को सूचनार्थ भेज दिया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए और संबंधित राज्य सरकारों से अनुरोध किया जाए कि वे इसे आम सूचना के लिए राज्यों के राजपत्रों में प्रकाशित करें।

मा० गो० पाध्ये, सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 15th March 1983

No. 22—Pres./83.—The President is pleased to award the President's Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Uttar Pradesh Police.

Name and rank of the officer

Shri Bhagwat Singh,
Constable No. 349, CP of PS Churkhi,
District Jalaun,
Uttar Pradesh.

Statement of Services for which Decoration has been Awarded.

